an>

Title: Need to provide free electricity for operation of motor pumps for supply of drinking water in Chhattisgarh.

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : वर्तमान समय में पूरे देश में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार के लिए एक कठिन एवं चुनौती भरा कार्य हो गया है। केन्द्र व राज्य की सरकारें अनेक प्रकार की योजनाएं बनाकर इस कार्य को कर रही हैं जो विभिन्न कारणों से अपर्याप्त होता है।

विशेषकर छत्तीसगढ़ में नल-जल योजना, स्पॉटसोर्स आदि के माध्यम से गाँव में पेयजल उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। इस कार्य में लगने वाले बिजली बिल सरपंचों को पटाने का जिम्मा दिया गया है। सरपंचों के पास इस हेतु अलग से कोई फंड नहीं होता। बिजली बिल नहीं पटने के कारण विद्युत विभाग लाइन काट देता है। गाँव वालों को पीने का पानी 1-2 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि प्रत्येक गाँव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक गाँव में 1 एचपी या 2 एचपी के पम्प को नःशुल्क विद्युत प्रदान करने हेतु योजना बनाकर तत्काल आवश्यकता वाले राज्यों को आदेश जारी करेंगे जिससे आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।